# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 26 August 2026


# WTC फाइनल के शतकवीर एडन मार्करम को मिला प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड, इन दिग्गजों को पछाड़कर जीता पुरस्कार।


Publisher


Published on 14 Jul 2025





**WTC फाइनल मे शंतक जड़ने वाले एडन मार्करम को जून के लिए मिला प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड, हेली मैथ्यूज बनीं महिला वर्ग की विजेता।**

**WTC: अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद** (आईसीसी) ने **एडन मार्करम** को जून माह के लिए **प्लेयर ऑफ द मंथ** घोषित किया है. उन्होंने अपनी ही टीम के कप्तान **टेबां बावुमा** और **श्रीलंका के पथुम निसंका** को हराकर यह सम्मान प्राप्त किया है. **वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025** फाइनल में ऑलराउंड प्रदर्शन ने उन्हें **प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड** दिलाने में अहम योगदान दिया. उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल मैच में **136 रन** बनाने के साथ-साथ दो महत्वपूर्ण विकेट भी चटकाए थे.

**एडन मार्करम** फाइनल मैच की पहली पारी में शून्य के स्कोर पर आउट हो गए थे, लेकिन दूसरी पारी में उन्होंने **136 रनों** की पारी खेली थी. उन्होंने दोनों पारियों में एक-एक विकेट चटकाया था. उनकी इस यादगार पारी की बदौलत खिताबी भिड़ंत में **दक्षिण अफ्रीका** ने फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराकर **WTC** का खिताब जीता था. यह पिछले **27 साल मे दंक्षिण अफ्रीका** द्वारा जीती गई पहली **ICC ट्रॉफी** थी.

गेंदबाजी में **एडन मार्करम** का वह विकेट बहुत महत्वपूर्ण रहा, जब उन्होंने पहली पारी में स्टीव स्मिथ को **66 के स्कोर** पर आउट करके **दक्षिण अफ्रीकी** टीम की मैच में वापसी करवाई थी. यह सम्मान मिलने पर मार्करम ने कहा कि ये अवॉर्ड मिलना उनके लिए सम्मान की बात है. उन्होंने अपने प्रदर्शन का जिक्र ना करके पूरी टीम को **WTC** फाइनल जीत का श्रेय दिया.

**हेली मैथ्यूज बनीं ICC महिला प्लेयर ऑफ द मंथ**

पुरुषों में **एडन मार्करम** को **प्लेयर ऑफ द मंथ** का पुरस्कार मिला है. दूसरी ओर महिला प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार

वेस्टइंडीज की **हेली मैथ्यूज** को मिला है. मैथ्यूज ने जून महीने में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में **104 रन** बनाने के साथ-साथ 4 विकेट भी लिए थे. **मैथ्यूज** ने कहा कि वो अपनी हालिया फॉर्म से बहुत खुश हैं और भविष्य में अपने और अपनी टीम के लिए बहुत कुछ प्राप्त करना चाहती हैं.

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.